दिन– मंगलवार दिनांक– 23 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने देश के सभी जिलों में सघन तपेदिक रोग उन्मूलन अभियान चलाने की घोषणा की। बिहार के इक्कीस जिलों की तीन सौ चौवालीस पंचायतें टीबी मुक्त घोषित।

02. राज्य सरकार ने एक अप्रैल से स्कूली छात्र–छात्राओं के परिवहन में ऑटो रिक्शा और ई–रिक्शा के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया।

03. बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए केन्द्र सरकार ने पटना और बोधगया में कला ग्राम स्थापित करने का निर्णय लिया

04. और, नई दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स में बिहार के झंडू कुमार ने पावरलिफ्टिंग में नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश के सभी जिलों में सघन तपेदिक रोग उन्मूलन अभियान चलाने की घोषणा की है। इससे पहले यह अभियान उच्च प्राथमिकता वाले चार सौ पचपन जिलों में लागू था। नई दिल्ली में विश्‍व तपेदिक दिवस शिखर सम्मेलन में श्री नड्डा ने कहा कि एक सौ दिन के तपेदिक मुक्त भारत अभियान के दौरान लगभग तेरह करोड़ लोगों की जांच की गई और इस बीमारी से पीड़ित सात लाख से अधिक नए रोगियों का पता चला। श्री नड्डा ने कहा कि आज पूरी दुनिया तपेदिक उन्मूलन में भारत के मॉडल का अनुकरण कर रही है।

–––बाइट–––

इधर, इस सम्मेलन में बिहार में लक्षणविहीन टीबी मामलों का पता लगाने में बेहतर प्रदर्शन के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक, निदेशक सुहर्ष भगत को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश के इक्कीस जिलों की तीन सौ चौवालीस पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया।

---

केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने तपेदिक यानि टीबी के दस हजार आइसोलेट्स की जीनोम सीक्वेंसिंग पूरी होने की घोषणा की है। डॉक्टर सिंह ने कल नई दिल्ली में संवाददताओं से बातचीत में इसकी जानकारी दी। इस राष्ट्रव्यापी पहल का उद्देश्य जीनोमिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके दवा प्रतिरोधी टीबी से निपटना है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष दो हजार पच्चीस में देश को टीबी मुक्त बनाना है।

---

राज्य सरकार ने एक अप्रैल से स्कूली छात्र–छात्राओं के परिवहन में ऑटो रिक्शा और ई–रिक्शा के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय के ट्रैफिक अनुभाग ने सभी पुलिस अधीक्षक को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि ऑटो रिक्शा और ई–रिक्शा से बच्चों को स्कूल लाने–ले जाने के प्रयोग से दुर्घटना की आशंका बनी हुई रहती है। इसे देखते हुये सभी पुलिस अधीक्षक स्कूली बच्चों के परिवहन में इन दोनों वाहनों के परिचालन को प्रतिबंधित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

---

केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने पटना और बोधगया में कला ग्राम स्थापित करने का निर्णय लिया है। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उसे राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए यह पहल की गयी है। संस्कृति मंत्रालय के सचिव ने इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि कुम्भ मेले के दौरान प्रयागराज में बने कला ग्राम को अपार सफलता मिली और इसके माध्यम से लोगों ने अपनी विरासत को जाना और समझा। इसे देखते हुये केन्द्र ने पटना और बोधगया समेत देशभर में बीस कला ग्राम स्थापित करने का फैसला किया है।

---

राज्य के सरकारी विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को पोशाक और साइकिल योजना का लाभ देने के लिए कक्षा में पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। विधान परिषद में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुमति से राज्य कैबिनेट ने बच्चों की कक्षा में पचहत्तर प्रतिशत हाजिरी की अनिवार्यता नहीं रखने का निर्णय लिया है।

---

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में बाल कल्याण के लिए कुल चौंसठ हजार पांच सौ चौवन करोड़ का बजटीय प्रावधान किया है। वहीं, जेंडर बजट के लिए अड़तालीस हजार छह सौ छप्पन करोड़ रूपये और हरित बजट के लिए पन्द्रह हजार पांच सौ अट्ठासी करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कल विधानमंडल के दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बाल कल्याण, जेंडर और हरित बजट पेश किया।

---

प्रदेश में चाईनीज लहसुन और अंडा की बिक्री रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जायेगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विधान परिषद में एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

---

किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में आठ लाख नब्बे हजार से अधिक किसानों को ऋण उपलब्ध कराया गया। विधान परिषद में एक अल्प सूचित प्रश्न का जवाब देते हुये उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि किसानों को आठ हजार तीन सौ ग्यारह करोड़ रूपये का लोन उपलब्ध कराया गया।

---

पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि राज्य सरकार के समक्ष पंचायत के वार्ड सदस्यों को वित्तीय अधिकार दिये जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। विधान परिषद में एक ध्यानाकर्षण का उत्तर देते हुये श्री गुप्ता ने यह जानकारी दी।

---

बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम में जीविका को शामिल किया जाएगा। इसके लिए सहकारिता विभाग की ओर से विधानमंडल में बिहार सहकारी सोसाईटी संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस लाया जायेगा। कल विधानसभा में इस विधेयक की प्रति वितरित की गई।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज जारी किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि आज दोपहर एक बजकर पन्द्रह मिनट पर परिणाम जारी किया जायेगा। परिणाम वेबसाईट इंटर बिहार बोर्ड डॉट कॉम और इंटर रिजल्ट 2025 डॉट कॉम पर उपलब्ध होगा। एक फरवरी से पन्द्रह फरवरी तक आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में बारह लाख बानवे हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुये थे।

---

पटना हाई कोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी की बहाली के लिए बिहार कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति डॉक्टर अंशुमान की एकलपीठ ने इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये राज्य सरकार और कर्मचारी चयन आयोग को जवाब–तलब किया है। न्यायालय ने सफल उम्मीदवारों को भी नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है

कि आयोग ने तेरह जिलों के वैसे अभ्यर्थियों को भी सफल घोषित कर दिया जो न्यूनतम अर्हता भी नहीं रखते हैं।

---

राज्य में होम गार्ड के पन्द्रह हजार पदों पर नियुक्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया सत्ताईस मार्च से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि सोलह अप्रैल निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन को लेकर बिहार गृह रक्षा वाहिनी ने नई वेबसाईट ऑनलाईन बीएचजी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट आईएन तैयार की है जो सत्ताईस मार्च से लाईव रहेगी।

---

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास की अध्यक्षता में आज सभी जिलों के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, स्वीप के नोडल पदाधिकारियों की पटना बैठक होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चर्चा की जाएगी।

---

एकीकृत रोग निगरानी में जहानाबाद जिले को देशभर में पहला स्थान मिला है। इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन पोर्टल के अनुसार इस वर्ष जनवरी महीने में जहानाबाद जिले ने सौ में से निन्यानवे दशमलव चार सात अंक प्राप्त किये हैं। एकीकृत रोग निगरानी के तहत बीमारियों की निगरानी और रोकथाम के लिए किये गये उपायों के आधार पर रैंकिंग जारी की जाती है।

---

नई दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स में पावरलिफ्टिंग में बिहार के झंडू कुमार ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने एलीट बहत्तर किलो ग्राम भार वर्ग में दो सौ छह किलो वजन उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। झंडू कुमार मूल रूप से नालंदा जिले के हरनौत के रहने वाले हैं।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेपक टाकरा विश्वकप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। कल मिक्सड क्वाड इवेंट में भारत की टीम ने कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत के खाते में पदकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। इसके अलावा रेगुलर इवेंट में भारत की महिला और पुरूष टीमें क्वार्टर फाईनल में पहुंच गयी हैं। इस श्रेणी में सेमीफाईनल और फाईनल मैच आज खेले जायेंगे।

---

बिहार पुलिस और एसटीएफ की टीम ने जमुई जिले के चकाई थाना क्षेत्र से कुख्यात महिला नक्सली सुमा राणा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली की कई मामलों में तलाश थी।

---

मुजफ्फरपुर जंक्शन से आरपीएफ और जीआरपीएफ के जवानों ने तैंतीस किशोरों को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

---

मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार ने शेखपुरा जिले के बरबीघा थानाध्यक्ष वैभव कुमार को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये लाईन हाजिर कर दिया है।

---

भोजपुर जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सौ अस्सी किलो से अधिक मादक पदार्थ डोडा और दो किलो अफीम के डंठल के साथ एक ट्रैक्टर को जब्त किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– एनएचएआई के जीएम रिश्वत लेते गिरफ्तार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– एक अप्रैल से ऑटो और ई–रिक्शा से स्कूल नहीं जायेंगे बच्चे, लगी रोक।

प्रभात खबर लिखता है– सांसदों का वेतन चौबीस प्रतिशत बढ़ा, अब हर माह मिलेंगे एक लाख चौबीस हजार रूपये।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– बिहार में बारह लाख में किडनी की डील, बिना मरीज देखे पीएमसीएच से रेफर, बंगाल में डॉक्टर ट्रांसप्लांट को तैयार।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– दस हजार दो सौ पच्चीस शिक्षकों का पसंद के जिलों में तबादला।

आज अखबार की सुर्खी है– बिहार में भर्ती होंगे पन्द्रह हजार होम गार्ड।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने देश के सभी जिलों में सघन तपेदिक रोग उन्मूलन अभियान चलाने की घोषणा की। बिहार के इक्कीस जिलों की तीन सौ चौवालीस पंचायतें टीबी मुक्त घोषित।

02. राज्य सरकार ने एक अप्रैल से स्कूली छात्र–छात्राओं के परिवहन में ऑटो रिक्शा और ई–रिक्शा के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया।

03. बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए केन्द्र सरकार ने पटना और बोधगया में कला ग्राम स्थापित करने का निर्णय लिया

04. और, नई दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स में बिहार के झंडू कुमार ने पावरलिफ्टिंग में नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।